कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, बीकानेर

:: कार्यालय आदेश ::

आदेश संख्या : स्था./2025/301 दिनांक : 25/07/2025

बीकानेर न्यायक्षैत्र के समस्त न्यायिक **कर्मचारीगण** को **जो स्वेच्छा से अपने अपने कार्यालय से अनुपस्थित चल रहे है,** उन्हे सूचित किया जाता है कि श्रीमान् रजिस्ट्रार (प्रशासन), राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर ने अपने पत्र कमांक G/I//A-4(i)(a)162 /2022/702 दिनांक 24.07.2025 के साथ माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर बैच द्वारा दिनांक 24.07.2025 को S.B. Criminal Misc. SOS (Appeal) No. 1687/2024 in S.B. Criminal Appeal No. 2544/2024 titled Ibra @ Ibran Son of Memrej V/S State of Rajasthan में पारित आदेश की प्रति इस कार्यालय को प्रेषित कर आदेश की अनुपालना में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदत्त किए है।

अतः उक्त आदेशो की अनुपालना मे **आप बीकानेर न्यायक्षैत्र के समस्त न्यायिक कर्मचारीगण को जो स्वेच्छा से अपने अपने कार्यालय से अनुपस्थित चल रहे है,** इस आदेश के माध्यम से आदेशित किया जाता है कि वे **दिनांक 25.07.2025 को अव्वल वक्त अपने अपने कार्य स्थल पर उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति अपने कार्यालय में दर्ज करवाए एवं अपने राजकीय कर्तव्यों का निष्पादन प्रारम्भ करे।** यहॉ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि उनके द्वारा ऐसा न किए जाने पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की अनुपालना में आगामी कार्यवाही नियमानुसार इस कार्यालय द्वारा प्रारम्भ की जावेगी जिसके लिए वे **स्वंय उत्तरदायी** होगे।

यह आदेश तुरन्त प्रभावी होगा।

25/7/2025

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,

बीकानेर।

क्रमांक : स्था./2025/3486 दिनांक :– 25/07/2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान् रजिस्ट्रार प्रशासन, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर
2. पीठासीन अधिकारीगण, समस्त न्यायिक न्यायालय, बीकानेर न्यायक्षैत्र को भेजकर लेख है कि वे अपने न्यायालय के समस्त न्यायिक कर्मचारीगण को जो स्वेच्छा से अनुपस्थित चल रहे है, को उक्त आदेशो की पालना मे उपस्थित होने हेतु निर्देशित करावें एवं एक प्रति नोटिश बोर्ड पर भी चस्पा करावे।
3. वरि. मुन्सरिम, कार्यालय हाजा को भेजकर लेख है कि इस कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण जो स्वेच्छा से अनुपस्थित चल रहे है, उन्हे इस आदेश से सूचित करावे।
4. अध्यक्ष, राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ, जिला शाखा, बीकानेर को पालना सुनिश्चित करने हेतु।
5. नोटिश बोर्ड, अदालत हाजा
6. सिस्टम ऑफिसर, जिला एवं सेशन न्यायालय बीकानेर को भेजकर लेख है कि उक्त समस्त को जरिये ई–मेल प्रेषित करावें एवं इस कार्यालय की अधिकृत वेबसाईट पर अपलोड करावें।

25/7/2025

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,

बीकानेर।